कक्षाएँ 1 और 2

Public education
Discover a world of opportunities

विज्ञान: घर पर सीखना

विज्ञान और जिज्ञासा

विज्ञान सवाल पूछने से जुड़ा है

छोटे बच्चे अपनी अत्यधिक जिज्ञासा और सवाल पूछने की प्रवृत्ति के कारण स्वाभाविक रूप से ही वैज्ञानिक होते हैं।

वे अपनी आसपास की चीज़ों का अर्थ निकालने की कोशिश करने के लिए लगातार सवाल पूछते और जवाब देते हैं।

उनकी जिज्ञासा का समर्थन और प्रोत्साहन करने के लिए आप कई सवाल पूछ सकते हैं।

ऐसे सवाल उनके जिज्ञासु स्वभाव का समर्थन करने हैं जो आपके बच्चों को जवाबों के बारे में सोच-विचार करने, अपने जवाबों का वर्णन करने, अपने मतों के बारे में बात करने और यह बताने के प्रेरित करते हैं कि उन्होंने फैसले क्यों लिए।

जैसे-जैसे आप कोई काम करते हैं वैसे-वैसे 'जोर-जोर से सोच-विचार' करते हुए अपने बच्चों का समर्थन करें – इससे उन्हें जवाब खोजने की प्रक्रिया का पता चलता है।

सवाल	उदाहरण
यह क्या...?	*यह कैसा महसूस होता है?* *अपनी आंखें बंद करो और मुझे बताओ कि यह कैसा महसूस होता है।* *यह कैसा दिखता है?* *इसका स्वाद कैसा है?* *क्या आपने पहले किसी ऐसी चीज़ का स्वाद चखा है?* *इसकी गंध कैसी है?* *यह कैसे आवाज़ करता है?* *आपने ऐसी आवाज़ पहले कहाँ सुनी है?*
मैं आश्चर्यचकित हूँ कि ऐसा क्यों...	*मैं आश्चर्यचकित हूँ कि परछाईं अपने स्थान से क्यों हिल गई।*
यदि... तो क्या होगा?	*यदि मैं गेंद छोड़ दूँ तो क्या होगा?*
कैसे...?	*मकड़ी अपना जाला कैसे बुनती है?*
यदि...तो क्या होता?	*यदि आप एक पंछी होते तो क्या होता?*
आप यह कैसे...?	*आप ब्लॉक्स का संतुलन कैसे बनाए रख सकते हैं?*

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी
education.wa.edu.au पर
होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015